जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-35 | जयपुर, सोमवार, 18 सितम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का महत्वपूर्ण निर्णय- राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2023 के प्रारूप का अनुमोदन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन, भविष्य की जरूरतों और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए अहम निर्णय लिया है।

प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोत की तलाश और निवेशकों के प्रोत्साहन के लिए ''राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023'' लाई जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नीति प्रारूप का अनुमोदन कर दिया है। ऊर्जा विभाग द्वारा शीघ्र ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

इस निर्णय से राज्य में ग्रीन एनर्जी उत्पादन करने वाली कम्पनियों को विभिन्न प्रकार की सब्सिडी मिलेंगी। प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के सर्वाधिक स्त्रोत उपलब्ध है। ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए राज्य अत्यन्त अनुकूल है।

**मिलेगी छूट, बढ़ेगा निवेश-**




राज्य सरकार नीति के तहत निवेशकों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सुविधाएं देगी। इनमें राज्य के प्रसारण तंत्र पर स्थापित होने वाले 500 केटीपीए अक्षय ऊर्जा प्लांट को 10 वर्षों तक प्रसारण एवं वितरण शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, थर्ड पार्टी से अक्षय ऊर्जा खरीदने पर अतिरिक्त एवं क्रॉस सब्सिडी सरचार्ज में 10 वर्ष तक पूर्ण छूट दी जाएगी। परिशोधित या खारे जल से ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए भूमि आवंटन में प्राथमिकता एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के लिए 30 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपए) अनुदान मिलेगा। इसके अतिरिक्त रिप्स-2022 के तहत विभिन्न छूट, जल की उपलब्धता एवं बैंकिंग सुविधाएं भी दी जाएगी। कैप्टिव पावर प्लांट की क्षमता एवं उत्पादित बिजली की बैंकिंग पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। इसके साथ ही पीक आवर्स के दौरान बिजली निकासी पर लगी रोक भी नवीन नीति में हटा दी गई है। राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 के तहत नई नीति में विद्युत संयंत्रों के लिए व्हीलिंग एवं ट्रांसमिशन शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति/छूट होगी। इसके साथ ही बिजली संयंत्रों के लिए बैंकिंग शुल्क भी सात से दस वर्षों तक प्रतिपूर्ति/माफ किया जाएगा।



## डॉक्टर मीरा पाटोदिया की 75वीं जन्म जयन्ती पर हुआ अमर प्रेम की अमर कहानी अद्भुत फिल्म का प्रदर्शन

**जयपुर (हमारा वतन)।** गलतापीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने साइंस पार्क ऑडिटोरियम में हिंदी दिवस के अवसर के साथ डॉक्टर मीरा पाटोदिया की 75 वीं जन्म जयन्ती पर एक फिल्म अमर प्रेम की अमर कहानी को बटन दबाकर रिलीज़ किया।1 यह फिल्म हिन्दी लेखिका और लब्ध प्रतिष्ठित महिला चिकित्सक डॉ. मीरा पाटोदिया के जीवन के विभिन्न आयामों को दिग्दर्शित करती है । इस फिल्म को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी । फिल्म के साथ ही डॉक्टर मीरा पाटोदिया का एक मंत्र और सामाजिक, धार्मिक पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया गया।



सभी आगंतुकों को आने वाली गणेश चतुर्थी का प्रसाद यानि बेसन के लड्डूओं का भी वितरण किया गया। अवधेशाचार्य महाराज ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस फिल्म से हमें जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है और एक नया रास्ता मिलता है कि हम अपने जीवन का एक-एक क्षण आनंद से बिताएं।

जीवन को सच्चे अर्थों में जीने की प्रेरणा मिलती है और समाज की सेवा करना तथा बच्चों में अच्छे संस्कार डालने का कार्य आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने अपने हाथ में लिया है।

इस फिल्म का अधिक से अधिक प्रदर्शन होना चाहिए, जिससे कि लोगों का वैवाहिक जीवन सुखी हो, आनन्द से भरपूर हो और तलाक की संख्या में कमी आए।

**दर्शकों का मिला जबरदस्त प्यार-** फिल्म को देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ कि फ़िल्मी बैकग्राउंड नहीं होने के बावजूद आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने कितनी जीवटता के साथ 3 घंटे की फिल्म बनायी है जो दर्शकों को अंत तक जोड़े रखती है। यह फिल्म डॉ. मीरा पाटोदिया की बायोग्राफी के साथ जीवन को सच्चे अर्थों में जीने की प्रेरणा देती है ।

## कांग्रेस नेत्री डॉक्टर शिखा मील बराला को जन्मदिन की बधाई देने उमड़ा जन सैलाब





**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव और प्रयास फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. शिखा मील बराला के जन्मदिन कार्यक्रम में बधाई देने वालों का सैलाब उमड़ पड़ा। डॉक्टर शिखा मील बराला ने अपने जन्मदिन को स्नेह मिलन समारोह के रूप में बराला निवास पर मनाया । शुभचिंतकों ने डॉक्टर शिखा मील बराला को माला, साफा, गुलदस्ते और चुनरी ओढ़ाकर दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी ।वही कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर आए हुए सभी गणमान्य लोगों ने तारीफ करते हुए कहा की ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं देखी । इससे पूर्व डॉक्टर शिखा मील ने दिन की शुरुआत बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर, अपने आराध्य देव को प्रणाम किया ।

जन्मदिन की बधाई देने वालों का सिलसिला सुबह से देर रात तक जारी रहा । चौमूं विधानसभा और अन्य स्थानों से आए हुए सभी गणमान्य लोगों का डॉक्टर शिखा मील बराला ने आभार जताया और कहा कि आपका यही साथ और प्यार मुझे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है, ईश्वर से कामना है कि समाज सेवा के लिए बड़ा कार्य करूं ।

जन्मदिन पर आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में कई जन प्रतिनिधि, समाजसेवी, चिकित्सक, शिक्षक, व्यवसायी और ग्रामीणों ने जन्मदिन की बधाइयां दी ।

## लालचंद यादव की पुण्यतिथि पर होगा रक्त दान शिविर का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** आगामी 24 सितंबर को स्वर्गीय लालचंद यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर स्वेच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयोजक पूर्व जिला परिषद सदस्य जयपुर और सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत देवथला हनुमान सहाय दुसाद ने बताया कि 24 सितंबर को जीआईसी स्कूल तिगरिया रोड निवाणा में प्रात 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । रक्तदाताओं की हौसला अफजाई के लिए पानी का कैंपर भेंट किया जाएगा। सभी युवा साथियों से निवेदन है कि रक्तदान अवश्य करें क्योंकि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है।



**हमारा वतन परिवार की ओर से सभी देशवासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ !**






लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# उत्तराखंड में माता के स्वरूप में पूजा जाता है इस पत्थर को



**देहरादून (हमारा वतन)।** पर्वतीय अंचलो के गांव में आज भी लोग आस्था व मान्यताओं को मानते हैं एक ऐसी मान्यता जहां पत्थर को माता के प्रतिमा मानकर पूजा जाता हैं। यह परम्परा टिहरी जनपद के ब्लाक जौनपुर पट्टी सकलाना के हटवाल गांव की हैं। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी हटवाल गांव पहुचे जहां उन्होंने इस पत्थर की जानकारी ली, कहा गांव के बुजुर्गों का कहना हैं कि जहां आज नागराजा देवता का मंदिर हैं वहां कभी खेती का काम होता था ।

इस खेत में बहुत बड़ा पत्थर हैं यहां के लोगो ने उसे तोड़ने की कोशिश की लेकिन वह पत्थर नही टूटा। पत्थर ना टूटना गांव के लोगो में एक रहस्य बन गई। हम लोग पंडित के पास गए पंडित ने बताया यह पत्थर माता की शक्ति है जब लोग इस पत्थर के पास आये और उन्होंने कहा अगर माता का स्वरूप है तो पत्थर खड़ा हो जाना जैसे ही सब्बल से कोशिश की पत्थर खड़ा हो गया तब से इस पत्थर को माता के रूप में माना जाता हैं और इसकी पूजा अर्चना की जाती हैं। मंदिर के पुजारी बिजेंद्र सिंह हटवाल का कहना है हमारे पूर्वज कहते थे जब मंदिर में पूजा की जाती थी तो माता का वाहन शेर इस पत्थर के पीछे से देखता रहता था और इसी पत्थर की परिक्रमा करके चला जाता था । किसी को कोई नुकसान नहीं पहुचाता था। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र हटवाल कहते हैं इस कथा को हमारे पूर्वज बताया करते थे। वही नेयुके ब्लाक यूथ समन्वयक अनिल हटवाल कहते हैं ये मान्यता हमारे पूर्वजों ने चलाई हैं जिसे हम आगे बड़ा रहे हैं। कार्यक्रम में गोविंद सिंह हटवाल, इंद्रसिंह हटवाल, अनूप थपलियाल, नवीन भारती, राकेश पंवार, पंचम हटवाल, सरोप सिंह नेगी, दीपक सिंह एवं अन्य लोग रहे ।



# मीणा समाज जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** आगामी 1 अक्टूबर को आयोजित मीणा समाज जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया । शहीद रामकरण मीणा डोला का बास बस स्टैंड रेनवाल रोड पर होने जा रहे प्रतिभा सम्मान समारोह और रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन ग्राम मंडा भिंडा में किया गया। पोस्टर विमोचन के माध्यम से अवगत कराया गया की रक्तदान करने वाले को पानी का 10 लीटर का कैंपर, टी-शर्ट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, प्रतिष्ठित वरिष्ठ जन ,पूर्व ,वर्तमान जनप्रतिनिधियों का सम्मान, समाज सेवियों, भामाशाहों, सरकारी व निजी क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी गण, सफल व्यवसायियों, राष्ट्रीय, राज्य जिला स्तरीय चयनित खिलाड़ियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, कक्षा 5 व आठवीं में ए ग्रेड, कक्षा 10 वीं 12वीं में 80 प्रतिशत अंक सत्र 2022-23, गत 1 वर्ष में लगे अधिकारी कर्मचारियों, 1 वर्ष में सरकारी, निजी क्षेत्र से रिटायरमेंट कर्मचारियों ,पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े समाज के व्यक्ति का मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया जाएगा । इस मौके पर पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा, सीएम मीणा रेलवे, राजेंद्र पटवारी, डॉक्टर शिवजी राम यादव, सरवन कुमार मीणा, नारुराम मीणा, सुवालाल मीणा सचिव सोसाइटी, वीरू मीना एलडीसी, रामजी लाल मीणा, बालू राम मीणा, लालचंद मीणा, सीएम मीणा, लालचंद मीणा, पिंटू मीणा ,ताराचंद मीना, कालूराम मीणा ,प्रहलाद मीणा ,बाबूलाल मीणा, उमराव मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे ।



# अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का हुआ भव्य सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य का नारनौल पहुँचने पर भव्य सम्मान किया गया । नारनौल हरियाणा में दिनेश सैनी ने माला पहनाकर सम्मान किया । परिवार के सभी सदस्यों से मिलकर कई बातों पर चर्चा हुई । इस दौरान पंडित हरिओम शर्मा ,शशि सैनी, सुमन सैनी, मुकेश सैनी, राकेश सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# मोटिवेशनल स्ट्रिप्स ने मलेशिया दिवस और हिंदी दिवस मनाया




**बेंगलुरु (हमारा वतन)।** दुनिया के सबसे सक्रिय लेखक मंच मोटिवेशनल स्ट्रिप्स ने विश्व एकता और क्षेत्रीय भाषाओं की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए मलेशिया दिवस और विश्व हिंदी दिवस एक साथ मनाया । मलेशिया दिवस मनाने के अवसर पर, मोटिवेशनल स्ट्रिप्स के संस्थापक शिजू एच पल्लीथाज़ेथ ने कहा, हर अवसर जो किसी देश की संस्कृति और उसकी क्षेत्रीय भाषाओं को उजागर करता है, वह साहित्यिक जगत में भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

मोटिवेशनल स्ट्रिप्स का प्रशासन इन महत्वपूर्ण अवसरों का उपयोग विश्व एकता और वैश्विक एकीकरण को बनाए रखने के लिए करेगा। मलेशिया सरकार के साथ मोटिवेशनल स्ट्रिप्स के संबंध पर प्रकाश डालते हुए, इसकी साहित्यिक संस्था Dewan Bahasa Dan Pustaka (DBP) और GAPENA (मलेशियाई साहित्यिक संघ), शिजू एच ने मलेशिया संसद के सीनेटर दातुक सेरी डॉ अवांग सरियान और डॉ. राजा राजेश्वरी सीता रमन के प्रयासों की सराहना की।

डॉ. राजा मोटिवेशनल स्ट्रिप्स के मलय साहित्य और अनुवाद के वरिष्ठ सलाहकार हैं। शिजू ने कहा कि ये दो साहित्यिक प्रतीक मोटिवेशनल स्ट्रिप्स और मलेशिया साहित्यिक संस्थानों के बीच संबंधों को अक्षुण्ण और मजबूत बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण थे। हिंदी दिवस के दौरान सरस्वती पोसवाल के द्वारा आयोजित की गई काव्यरचना में मोटिवेशनल स्ट्रिप्स के सदस्यों ने भाग ली। हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर फोरम के प्रमुख सलाहकार वरिष्ठ कवि पद्मश्री विष्णु पंड्या को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी।




# हिंदी दिवस पर जीआईसी बिझौली में किया प्रतिभाओं का सम्मान

**रुड़की (हमारा वतन)।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में हिंदी दिवस पर बाल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस दौरान कक्षा 10 में हिंदी में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और 500 रुपए नकद राशि देकर पुरस्कृत किया । इस अवसर पर छात्र सादिक को अमीर खुसरो अवार्ड, सानिया खान को रसखान, तन्नु को महादेवी वर्मा, रोहिनी को शिवानी अवार्ड, शिवानी को मीरा बाई तथा निबंध लेखन में कक्षा 9 के अनस प्रथम और रोहिनी द्वितीय रही । दोनों छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपखंड शिक्षा अधिकारी मेराज अहमद ने हिंदी को राष्ट्रभाषा बताते हुए छात्रों, शिक्षकों से हिंदी को अपनाने की बात कही । कहा कि हिंदी सबसे मीठी और सरल भाषा है । हिंदी बोलने और लिखने दोनों में ही आसान है । उन्होंने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए स्वच्छता पर भी जोर दिया। कहा कि हमें अपने घर, विद्यालय को स्वच्छ रखना चाहिए, तभी हम स्वच्छ और स्वस्थ रह पाएंगे । कार्यक्रम आयोजक पर्यावरण मित्र शिक्षक अशोक पाल ने बताया कि हिंदी दिवस को लेकर विद्यालय में मुंशी प्रेमचंद के ऊपर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके अलावा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। अशोक पाल ने हिंदी पर जोर देते हुए सभी से हिंदी को अपनाने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षक सुधीर सैनी, इसराना, प्रतिभा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ओबीसी विभाग का जोधपुर संभागीय सम्मेलन हुआ आयोजित




**जोधपुर (हमारा वतन)।** डॉक्टर संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में कांग्रेस ओबीसी विभाग का जोधपुर संभागीय के सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में एआईसीसी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि सभी प्रदेशों में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत लागू किया जाना चाहिए। क्रिमिनल की सीमा को भी बढाकर 10 लाख रुपए तक की जाए । उन्होंने कहा कि देश में जातिगत जनगणना की जाए ताकि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी का लाभ मिल सके और कोई भी आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ी जाति को आरक्षण का लाभ मिल सके । सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए हरसहाय यादव ने राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं चिरंजीवी योजना, ओल्ड पेंशन योजना, महंगाई राहत कैंप, किसानों को 2000 यूनिट फ्री बिजली योजना आदि की जानकारी देते हुए सभी से आह्वान किया कि गांव-गांव ढाणी- ढाणी जाकर योजनाओं का लाभ जन जन को पहुंचाकर पुनः कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लेकर जाएं । सभी अतिथियों का माला और साफा बनाकर स्वागत किया गया ।

## कार्यशाला का आयोजन

## नवाचारी किसानों ने दिये खेती किसानी की उन्नत तकनीकी के सुझाव

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की मंशा के तहत राज्य को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने एवं विकास की गति को 10 गुना बढाने के लिए राजस्थान मिशन-2030 के अन्तर्गत विजन-2030 दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण मिशन में आमजन की सहभागिता बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी डॉ. पृथ्वी ने कहा कि 2030 तक देश में राज्य को कृषि क्षेत्र में सर्वोपरि बनाने के लिए विभाग एवं हितधारकों से सुझाव लिये गये है।


## जॉब्स

1. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, पद असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 600, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023
2. उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 2240, अंतिम तिथि 29 सितंबर 2023
3. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, पद असिस्टेंट, पद संख्या 450, अंतिम तिथि 4 अक्टूबर 2023
4. उत्तर प्रदेश सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमिशन, पद फॉरेस्ट गार्ड, वाइल्ड लाइफ गार्ड, पद संख्या 709, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023
5. आरपीएससी, पद स्टैटिकल ऑफिसर, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 14 अक्टूबर 2023
6. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद पीओ पद संख्या 2000, अंतिम तिथि 27 सितंबर 2023
7. आरपीएससी, पद लाइब्रेरियन, पीटीआई, पद संख्या 533, अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2023,
8. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद दिल्ली पुलिस कांस्टेबल, पद संख्या 7547, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023




# सोनाली राउत ने टॉपलेस फोटोशूट से इंटरनेट पर मचाई सनसनी, चादर में छिप-छिपकर देख रहे फैन्स

बिग बॉस सीजन 8 में अपनी अदाओं से तहलका मचाने वाली इंटरनेट सेंसेशन सोनाली राउत एक बार फिर खबरों में छा गई हैं। उनका एक वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। वह अक्सर अपने दिलकश अवतार के लिए जानी जाती हैं। आए दिन कोई-न-कोई सितम वो अपने चाहने वालों पर करती रहती हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ऐसी-ऐसी तस्वीरें और रील्स शेयर किए हैं कि हर कोई एक बार देखने के बाद ही उनके पीछे लट्टू हो जाता है। अब तो उन्होंने टॉपलेस फोटोशूट करवाया है, जिसने चारों तरफ हंगामा मचा दिया है।सोनाली राउत इंस्टाग्राम पर अधिकतर अपने बिकिनी फोटोशूट्स ही करवाती हैं। उनके सभी पोस्ट्स उसी से जुड़े हुए दिखाई देते हैं। वह जब रियलिटी शो का हिस्सा थीं, तब भी वो अपने ग्लैमरस लुक के लिए काफी फेमस थीं। फिलहाल उनका टॉपलेस फोटोशूट गर्दा उड़ा रहा है। उसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।



**सोनाली राउत का गदर वीडियो**-इस वीडियो में सोनाली राउत ने खुद को एक काले रंग के कपड़े से कवर किया हुआ है। वह अलग-अलग तरह से पोज दे रही हैं। वहीं, बाद में वो ब्लैक नेट ब्रा में भी अपने हुस्न का जादू दिखाई नजर आती हैं। वैसे ये इकलौता पोस्ट नहीं। इसके अलावा उन्होंने और भी कई ऐसे पोस्ट्स किए हैं, जिसमें उनके बदन पर कपड़े नजर नहीं आ रहे हैं। बल्कि किसी न किसी चीजों से उन्होंने अपने बदन को कवर किया है।

# दीपिका पादुकोण ने फिल्म में काम करने के लिए नहीं लिए पैसे, कहा- शाहरुख के साथ मेरा रिश्ता...

शाहरुख खान की फिल्म जवान इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। फिल्म हर दिन करोड़ों में कमाई कर रही है। फिल्म में शाहरुख खान के साथ नयंतारा लीड रोल में हैं। इन दोनों स्टार्स की तो हर जगह चर्चा है, लेकिन दीपिका पादुकोण लीड एक्ट्रेस ना होते हुए भी सुर्खियों में हैं। दरअसल, दीपिका का फिल्म में स्पेशयल अपीयरेंस था और कम स्क्रीन स्पेस होने के बावजूद दीपिका की खूब तारीफ हो रही है। इस बीच अब दीपिका से हाल ही में पूछा गया कि उन्होंने जवान के लिए कितनी फीस ली है? तो जानें एक्ट्रेस ने क्या बताया।



**कैमियो पर बोलीं दीपिका**-दरअसल, द वीक इंटरव्यू में दीपिका से पूछा गया कि क्या वह स्पेशल अपीयरेंस के लिए पैसे लेती हैं तो दीपिका ने कहा, नहीं बिल्कुल नहीं। मैं फिल्म 83 का हिस्सा थी क्योंकि मैं इस चीज को हाइलाइट करना चाहती थी कि एक पति की सक्सेस के पीछे उसकी पत्नी का साथ बहुत जरूरी होता है। मैंने अपनी मां को देखा है। ये मेरा उन पत्नी के लिए रिस्पेक्ट है जो अपने पति के करियर के लिए बहुत कुर्बानी देती हैं।

**शाहरुख के साथ कैमियो**-वहीं शाहरुख के साथ मेरा कोई भी स्पेशल अपीयरेंस होता है तो मैं जरूर करूंगी। रोहित शेट्टी के साथ भी। हम दोनों एक-दूसरे के लिए लकी चार्म हैं। लेकिन सच में बता दूं कि यहां लक से भी ज्यादा बड़ी बात है। हम दोनों के बीच गहरा विश्वास है और एक-दूसरे की रिस्पेक्ट भी करते हैं। बस लक जो है वो केक के ऊपर की चैरी है। दीपिका ने शाहरुख के साथ अपनी फिल्म पठान के सक्सेसफुल होने पर कहा कि वह काफी खुश हैं।

# मनीषा रानी को डेट कर रहे टोनी कक्कड़? नेहा के पति रोहनप्रीत ने कर दिया बड़ा खुलासा

नेहा कक्कड़ के भाई टोनी और बिग बॉस ओटीटी 2 की कंटेस्टेंट रहीं मनीषा रानी का नाम काफी समय से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, जब टोनी बिग बॉस के लाइव कॉन्सर्ट में आए थे तब उन्होंने मनीषा रानी के साथ स्पेशल परफॉर्मेंस दी थी। इतना ही नहीं उन्होंने मनीषा को वादा किया था कि शो के बाद मैं आपके साथ गाना निकालूंगा और जैसे ही मनीषा बाहर आईं टोनी ने अपना वादा पूरा भी किया। हाल ही में दोनों का गाना जमना पार रिलीज हुआ है जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। दोनों की केमिस्ट्री को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इतना ही नहीं फैंस ने दोनों के नाम का हैशटैग भी बना दिया टोनिषा। दोनों के रिलेशनशिप की खबरें भी आ रही हैं और इस बीच नेहा के पति रोहनप्रीत सिंह ने ऐसा कमेंट किया कि दोनों के रिलेशनशिप की खबर को कन्फर्मेशन मिल रहा है।



**रोहनप्रीत का कमेंट**-दरअसल, हाल ही में मनीषा रानी ने नेहा कक्कड़ के साथ जमना पार गाने पर रील बनाया और उससे पहले उन्होंने नेहा के साथ फोटोज शेयर कीं। फोटो शेयर करते हुए मनीषा ने लिखा, मेरी फेवरेट और प्यारी नेहा के साथ जल्द ही रील आने वाली है। इस पोस्ट पर टोनी ने कमेंट किया, लव यू दोनों को। वहीं रोहनप्रीत सिंह ने इस पर कमेंट किया, मेरा प्यार और भाई की लवर। बस रोहनप्रीत का ये कमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस कमेंट कर रहे हैं कि रोहनप्रीत ने लगता है दोनों का रिश्ता कन्फर्म कर दिया है।

**पहले भी बोले थे दोनों को लेकर**-इससे पहले रोहनप्रीत ने बिग बॉस के दोनों के परफॉर्मेंस का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था और लिखा था, लगता है आज भाभी मिल ही जाएगी हमें। वैसे कई बार टोनी और मनीषा को साथ में स्पॉट किया गया। हालांकि दोनों हमेशा एक-दूसरे को दोस्त बताते हैं।



# भोजन जितना पौष्टिक हमारी सेहत उतनी ही दुरुस्त रहेगी

हमारे भोजन का सीधा संबंध हमारी सेहत से है। यानी भोजन जितना पौष्टिक होगा, हमारी सेहत उतनी ही दुरुस्त रहेगी। अपने भोजन में पौष्टिकता का ध्यान कैसे रखें, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के तीव्र विकास और विस्तार के बावजूद देश के अस्पतालों में मरीजों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है। इसका प्रमुख कारण हमारे दैनिक खानपान में नमक, तेल और चीनी की बढ़ती मात्रा है। शारीरिक श्रम के अभाव और आरामदायक दिनचर्या के कारण शरीर में बड़े पैमाने पर विषैले तत्व एकत्रित हो जाते हैं, जो अनेक गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं।



**नुकसान पहुंचाने वाले खाद्य पदार्थ**-परंपरागत भारतीय खानपान के स्थान पर आधुनिक और पाश्चात्य शैली पर आधारित रेडी-टू-ईट, पैकेज्ड या डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, जंक फूड और फास्ट फूड के सेवन से हमारे शरीर में हानिकारक तत्वों की वृद्धि होती है। जंक फूड और फास्ट फूड में ट्रांसफैट, शुगर, सोडियम और लेड जैसे खतरनाक रसायनों का प्रयोग कर उसे टेस्टी तो बनाया जाता है, लेकिन वह हेल्दी नहीं रह जाता। इससे मनुष्य की भूख तत्काल तो मिट जाती है, परन्तु शरीर की पोषण से संबंधित जरूरतों की पूर्ति नहीं हो पाती। इसमें प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स आदि पोषक तत्वों का अभाव होता है। नुकसान की बात करें, तो इसमें ट्रांसफैट, सिंथेटिक कलर, एसेन्स के रूप में रासायनिक पदार्थों और शुगर की काफी मात्रा होती है। इसमें फाइबर का अभाव और चिकनाई की अधिकता होने के कारण इसके सेवन से पाचन तंत्र भी बुरी तरह से प्रभावित होता है।

**प्रतिरोधक क्षमता का रखें ध्यान**-आवश्यक पोषक तत्वों के अभाव के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। नमक, तेल, चीनी और हानिकारक तत्वों की बढ़ती मात्रा के कारण मोटापा, शुगर, ब्लडप्रेशर, कैंसर, किडनी, कब्ज, लिवर जैसी अनेक बीमारियां बड़े पैमाने पर हो रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक, 60-70 प्रतिशत बीमारियां मनुष्य की अनियमित दिनचर्या, असंतुलित एवं असुरक्षित खान-पान के कारण होती हैं।

वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि मनुष्य अपने दैनिक खानपान में शारीरिक आवश्यकताओं की तुलना में लगभग दोगुना नमक, तेल, और चीनी का सेवन करता है।

**खाएं घर की बनी चीजें**-महानगरों में भागदौड़ भरी जीवनशैली और काम के तनाव के कारण युवा घर पर निर्मित खाद्य पदार्थों के सेवन की बजाय मार्केट में उपलब्ध रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थों का सेवन कर भोजन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। परन्तु होटल और टिफिन वाले भोजन में पौष्टिकता की बजाय स्वाद पर बल दिया जाता है। इसीलिए स्वाद और फैशन के चक्कर में खाद्य पदार्थों के निर्माण में टेस्ट मेकर, हानिकारक रसायनों, सिंथेटिक कलर, वसा, शुगर, ट्रांस फैट आदि का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है। हम स्वाद के चक्कर में यह भूल ही जाते हैं कि ऐसे भोजन के सेवन से अनेक खतरनाक बीमारियां जन्म लेती हैं।



# यहां जानें खाना खाने का सही तरीका

क्या आप खाना धीरे-धीरे खाते हैं, अगर नहीं तो सावधान हो जाइए। एक स्टडी के मुताबिक, बिना चबाए तेजी से खाने वालों का वजन चबाकर धीरे-धीरे खाने वालों की अपेक्षा तेजी से बढ़ जाता है।

**डायटिंग नहीं, खाना खाकर भी कर सकते हैं वेट लॉस**-क्या आप खाना धीरे-धीरे खाते हैं, अगर नहीं तो सावधान हो जाइए। एक स्टडी के मुताबिक, बिना चबाए तेजी से खाने वालों का वजन चबाकर धीरे-धीरे खाने वालों की अपेक्षा तेजी से बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, भर पेट एक बार खाने की बजाय थोड़ा-थोड़ा और कई बार में खाना चाहिए। इसके लिए रिसर्चर्स ने 30 से 69 की उम्र के बीच करीब 1122 पुरुषों और 2165 महिलाओं के खाने की आदत और बॉडी मास इंडेक्स पर एक स्टडी की। इसमें आधे पुरुषों और महिलाओं को तेजी से भरपेट खाना खाते रहने के लिए कहा गया। बाद में पाया गया कि इनका वजन शेष लोगों की अपेक्षा तेजी से बढ़ गया। आइए जानते हैं कि चबा कर खाने से क्या-क्या फायदे होते हैं

**वजन घटाए** -भोजन चबा कर खाने से पेट में रसायन का स्राव होता है, जिससे खाना अच्छी तरह से हजम हो जाता है। जल्दी-जल्दी भूख भी नहीं लगती और वजन भी नियंत्रण में रहता है।

**सकारात्मक प्रभाव** -चबा-चबा कर खाने के और भी कई फायदे हैं। चबाकर खाने से उसमें मौजूद प्रोटीन, कैल्शियम, विटमिन अन्य पोषक तत्वों का आप पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**डाइजेशन रखे सही** -बहुत देर तक खाने को चबाने की प्रक्रिया के दौरान मुंह में लार बनती है, जो खाने को मुलायम बनाकर तोड़ने में मदद करती है और कार्बोहाइड्रेट व फैट्स को अलग-अलग करती है। इससे पाचन में आसानी होती है।

# शाहरुख खान के बॉडीगार्ड ने प्रियामणि को समझ लिया था फैन,बोलीं- फिर सर ने बैठाया...

शाहरुख खान की मूवी जवान में उनका गर्लगैंग सुर्खियों में हैं। साथ काम करने वाली लड़कियां शाहरुख के चार्म की तारीफ करते नहीं थक रहीं। इनमें से एक नाम है प्रियामणि। वह शाहरुख के साथ चेन्नई एक्सप्रेस में भी काम कर चुकी हैं। जवान के बाद प्रियामणि कई इंटरव्यूज में शाहरुख खान के साथ काम करने का अनुभव बता चुकी हैं। अब उन्होंने बताया कि कैसे शाहरुख के बॉडीगार्ड ने उन्हें एक्टर के बजाय फैन समझ लिया था।

**सेट पर हुआ खूब धमाल**-जवान फिल्म में शाहरुख खान के साथ काम करने वाले कई को-स्टार्स उनकी तारीफ कर रहे हैं। टाइम्स नाऊ से बातचीत में प्रियामणि ने फिल्म से जुड़ी इंट्रेस्टिंग याद बताई। पहले तो उन्होंने कहा कि वह एक घटना को तो यादगार नहीं कह सकती हैं क्योंकि सेट्स पर खूब धमाल हुआ। हालांकि वो इंसिडेंट जरूर याद किया जिसमें शाहरुख खान ने अपनी को-स्टार्स के लिए गर्मजोशी दिखाई।

**दुनिया के सबसे चार्मिंग इंसान**-प्रियामणि बताती हैं, एक दिन शाहरुख खान सर और गौरी खान डिनर कर रहे थे। फीमेल-कोस्टार्स ने मुझे फोन किया ताकि मैं भी उनके साथ आ जाऊं। सर के बॉडीगार्ड ने हमें फैन समझ लिया। तभी पूजा ददलानी बोलीं. प्रिया आप कहां जा रही हो?

**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# उच्च शिक्षा को सही राह दिखाने का समय

इस साल की सबसे दुखद खबरें राजस्थान के कोटा शहर से आई, जहां कई छात्रों ने आत्महत्या कर ली। अकादमिक दबाव के समक्ष युवा छात्र-छात्राओं का इस प्रकार बिखर जाना बहुत ही त्रासद है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि क्या हमने इन स्थितियों से बचने के लिए पर्याप्त प्रयास किए हैं? इस तथ्य को स्वीकारने में कोई संकोच नहीं कि भारत में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश के लिए परीक्षा विश्व की कठिनतम परीक्षाओं में से एक हैं। भले ही अकादमिक परिदृश्य कितना ही कठिन क्यों न हो, लेकिन हम उसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं कर सकते। यदि हम ज्ञान के इस युग में शीर्ष पर रहना चाहते हैं तो गहन शिक्षा का कोई विकल्प नहीं हो सकता। वस्तुस्थिति यह है कि अकादमिक बोझ के बजाय प्रतिस्पर्धी दबाव छात्रों पर कहीं अधिक भारी पड़ रहा है। इस विकराल होती समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि हम वास्तविक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करें। देश में उच्च शिक्षा के मोर्चे पर मांग एवं आपूर्ति की दृष्टि से गहरी खाई विद्यमान है। लाखों आवेदकों की तुलना में उपलब्ध सीटों की संख्या अत्यंत सीमित है, जिसके कारण सफलता की दर बहुत कम है। विशेषरूप से सामान्य वर्ग के उन छात्रों के लिए जिन्हें किसी प्रकार के आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। ऐसे में हमें अपना बुनियादी ढांचा बेहतर बनाना होगा। अधिक कालेज और विश्वविद्यालय खोलने होंगे ताकि ज्यादा सीटों के साथ अधिकतम छात्र समायोजित हो सकें। जिस गति से मांग बढ़ रही है, उसकी पूर्ति के लिए आपूर्ति कई गुना बढ़ानी ही होगी।उच्च शिक्षा में निजीकरण की व्यवस्था भी अपेक्षित रूप से फलदायी नहीं सिद्ध हो पाई। अधिकांश निजी कालेजों के साथ गुणवत्ता की समस्या है, जिस कारण वे छात्रों की पहली प्राथमिकता नहीं बन पाते। प्रतिष्ठित संस्थानों में चुनिंदा सीटों का होना एक प्रमुख चुनौती है। इसीलिए छात्रों की वरीयता सूची में शीर्ष पर आने वाले शिक्षण केंद्रों की क्षमताओं को बढ़ाना अति आवश्यक है। हमें अधिक कालेजों की आवश्यकता है, विशेष रूप से टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में। निजी क्षेत्र के साथ सहयोग, शिक्षा में निवेश बढ़ाने एवं विदेशी विश्वविद्यालयों के सुगम प्रवेश जैसी कुछ पहल हैं, जिन पर तत्परता के साथ काम किया जाना चाहिए। अन्य क्षेत्रों की भांति शिक्षा में भी डिजिटलीकरण कायापलट करने वाला हो सकता है। वर्चुअल कक्षाओं और आनलाइन टेस्ट जैसे विचार को अब साकार रूप देने का समय आ गया है। इसमें कुछ आरंभिक अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन हमें उनसे प्रभावित हुए बिना वर्चुअल पठन-पाठन के परिदृश्य को और विकसित करना चाहिए। हमारी शिक्षा प्रणाली की एक बड़ी समस्या यह है कि इसमें किसी एक परीक्षा विशेष पर हद से ज्यादा जोर होता है। यह चाहे इंजीनियरिंग के लिए जेईई हो या फिर मेडिकल के लिए नीट या हाल में शुरू की गई संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा यानी सीयूईटी, छात्रों का भविष्य किसी एक परीक्षा विशेष में प्रदर्शन पर टिका होता है। यह बिल्कुल किसी टी-20 मैच की तरह है कि एक खराब दिन आपको प्रतियोगिता से बाहर कर सकता है। हमारी प्रवेश प्रक्रिया के उलट विकसित देशों में प्रचलित प्रवेश परीक्षाओं की प्रकृति पर दृष्टि डालने से एक वैकल्पिक तस्वीर उभरती है।


राम गोपाल सैनी

# यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट ने किया अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता - CONNECTECH का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर/कोलकाता द्वारा सीकर स्थित रेल्वे सामुदायिक भवन, रेलवे फ्लाईओवर के पास, सीकर में जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता - CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के अधिकारी कृशानु बनर्जी व सुमन चक्रबर्ती ने बताया की अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता- CONNECTECH (EM तकनीकी बोनांजा) कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी, प्रोवोस्ट प्रो डॉ प्रदीप कुमार शर्मा, प्रो रविंद्र मांजू, प्रो. आशुतोष गौतम, महेश चौधरी, विष्णु जगाका, श्याम प्रताप सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रोफेसर डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर वर्धमान विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीकर को चैंपियन स्कूल व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल को उपविजेता स्कूल वर्ष 2023 का ख़िताब देकर पुरस्कृत किया गया।




# देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल ने मनाया अपना पांचवा स्थापना दिवस

**किशनगढ़ रेनवाल (हमारा वतन)।** शहर के देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल ने अपना पांचवा स्थापना दिवस मनाया । इस दौरान केक काटकर मिठाइयां बांटी गई । हॉस्पिटल निदेशक विमल कुमावत ने बताया कि 5 वर्षों में अस्पताल में करीब एक लाख मरीजों का उपचार किया गया, वहीं हजारों ऑपरेशन किए गए हैं । इनमें मोतियाबिंद, काला पानी, नाखून, नासूर आदि के ऑपरेशन शामिल हैं । अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनीता कुमावत सहित अनुभवी स्टाफ की टीम मरीजों की सेवा में हर समय जुटी रहती है । अस्पताल में ऑपरेशन के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनों से कालापानी की जांच, पर्दे की जांच लेजर से आंख के लेंस की सफाई की सुविधा भी उपलब्ध है । अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध रहती हैं । किशनगढ़ रेनवाल में आंखों का एकमात्र हॉस्पिटल है जहां शहर सहित आसपास के दर्जनों गांव के मरीजों को उच्च स्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं । मरीजों को अब बड़े शहरों जैसा इलाज उपलब्ध हो रहा है, जिससे मरीजों को अनावश्यक दूर शहर में इलाज के लिए नहीं जाना पड़ता है ।



# ग्राम पंचायत सामोद में हुआ इंदिरा रसोई का भव्य शुभारम्भ

**चौमूं (हमारा वतन)।** सामोद ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा शुरू की गई ग्रामीण इंदिरा रसोई का शुभारंभ आज नगर परिषद सभापति विष्णु कुमार सैनी, सरपंच बरजी देवी, गोविंदगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी भागीरथ मीणा ,पूर्व सरपंच भगवान सहाय गिरणा के कर कमलों से फीता काटकर किया गया। इंदिरा रसोई में 8 रुपए में शुद्ध भरपेट भोजन खिलाया जाएगा। एक थाली में रोटी, दो सब्जी ,अचार, चावल आदि दिया जाएगा। इंदिरा रसोई का पूरा सेटअप राजस्थान सरकार द्वारा किया गया है । अब कोई भूखा नहीं सोएगा।








# पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने की जनसुनवाई

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे और अपनी समस्या रखी । पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने जल्द ही समस्याओं के समाधान की बात कही और कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी प्रदेशवासियों को मिल रहा है। मिशन 2030 को लेकर भी सभी लोग अपने-अपने सुझाव दें ताकि अपना प्रदेश देश में नंबर वन बन जाए ।

## राजस्थानी फिल्म विदेशी पावणा में दिखेंगे अरविंद बत्तरा

जयपुर(नि.सं.)। थिएटर, म्यूजिक एल्बम, लघु फिल्मों और टीवी सीरियल में अपनी छाप छोड़ने के बाद जयपुर के कलाकार अरविन्द बत्तरा ने थार कहानियां सीजन 2 की एक लघु राजस्थानी फिल्म विदेशी पावणा साइन की है। राजस्थानी भाषा सिनेमा के उत्थान के लिए नंदकिशोर फिल्म्स के और एलएस फिल्म्स के बैनर तले बन रही थार कहानियां सीजन 2 में कुल 25 फिल्में बनाई जाएंगी। फिल्म निर्माता एन.के. मित्तल ने नया ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा भी की है। लेखक और लोकप्रिय निर्देशक लखविंदर जे. सिंह ने कहा कि थार कहानियों के सीजन 2 में राजस्थान के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। पिछले दिनों थार कहानियां के फिल्म मुहूर्त समारोह में अरविन्द बत्तरा सहित करीब 100 कलाकारों को फिल्मवार आधिकारिक घोषणा की गई।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा